दिनांक–25 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि, कहा दोषियों को दंडित करेगा भारत।
- संसद भवन में हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, सरकार को दिया पूर्ण समर्थन का विश्वास।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पात्रता के लिए अधिकतम आय सीमा बढ़ा कर तीन लाख रूपये करने का दिया निर्देश।
- प्रदेश सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये लिए कई अहम निर्णय, एडेड संस्कृत स्कूलों के शिक्षकों का मानदेय दस हजार रुपये तक बढ़ाया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और दोषियों को दंडित करेगा। श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी।

**ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी समय आ गया है।**

इस बीच, पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली के संसद भवन में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में सभी प्रमुख दलों के नेता मौजूद रहे। बैठक के दौरान हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी दलों ने हमलें की कडी निदां करते हुए सरकार को पूर्ण समर्थन का विश्वास दिलाया है।

**सारे पॉलीटिकल पार्टी सरकार के साथ खड़ा है और सब पार्टी के नेताओं ने एक ही आवाज में कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाएगा साथ देंगे और मैं मानता हूं कि इस महत्वपूर्ण ऑल पार्टी बैठक में जो हमने स्पिरिट अडॉप्ट किया है कि एक जुट होकरके लडाई लडेंगे आतंकवाद के खिलाफ वह आगे भी जारी रहेगा।**

बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने किसी भी कार्रवाई के लिए सरकार को पूरा समर्थन दिया है।

**********

पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी का कल ड्योढ़ी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले कल सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभम के घर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शुभम के पार्थिव शरीर को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बात करते हुए श्री योगी ने कहा कि पहलगाम में घटी आतंकी घटना क्रूर, वीभत्स और कायराना है। उन्होंने मृतक के परिवार समेत पूरे देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि यह सरकार आतंकी और उग्रवादी घटनाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है।

**और ये सरकार इस प्रकार की किसी भी बर्बर और अमानवीय आतंकी घटना को लेकर उग्रवादी घटना को लेकर के जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करना जानती है पूरी सख्ती से ऐसे तत्वों के विषले फनों को कुचलने का कार्य होगा जिन लोगों ने आतंकी घटना को अंजाम दिया है या इस साजिश का हिस्सा बने है। यह जीरो टॉलरेंस की नीति देखने को मिलेगी और हर व्यक्ति इस घटना के जो परिणाम सामने आएँगे उसको भी देखेगा।**

बाईस अप्रैल को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके के बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने शुभम समेत छब्बीस पर्यटकों की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

**********

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का सिलसिला लगातार कल दूसरे दिन भी जारी रहा। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने जगह–जगह नारेबाजी की और आतंकवाद के पूतलें फूंके। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**वाराणसी में विशाल भारत संस्थान के युवा परिशद समिति व कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ प्रदर्शन किया और आतंकवाद का पूतला फूंका। जौनपुर क्लेक्ट्रेट परिसर में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और हमले में मरने वालों के प्रति शोक संवदेना व्यक्त की। वहीं अधिवक्ताओं ने भी पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। अमरोहा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए केन्द्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की**

**मांग की। इसी तरह अयोध्या, बलिया, गाजीपुर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज समेत कई जिलों में विरोध प्रदर्शन का क्रम जारी रहा। समाचार कक्ष से मैं अरूण।**

लखनऊ में मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का पुतला दहन किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की मुरादाबाद इकाई ने भी जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर आतंकी घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कारवाई की मांग की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कल समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पात्रता के लिए अधिकतम आय सीमा को बढ़ा कर तीन लाख रुपये किया जाए। इस योजना के तहत सरकार ने नए वित्तीय वर्ष से नवविवाहित जोड़े के विवाह के लिए दी जाने वाली इक्यावन हजार की धनराशि को बढ़ा कर एक लाख रुपये कर दिया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुनिश्चित किया जाए कि योजना के नियमानुसार साठ हजार रुपया कन्या के खाते में जमा हों और पचीस हजार रुपये के उपहार नवविवाहित जोड़े को दिये जाएं। बाकी के पंद्रह हजार रुपये वैवाहिक समारोह में खर्च होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए इसे फैमिली आईडी से जोड़ने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह फैमिली आईडी के जरिये वृद्धावस्था पेंशन की कवरेज बढ़ाने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था करें।

**********

प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिये कई अहम निर्णय लिये हैं। इसके तहत गोरखपुर जिले में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने के खेल विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में एडेड संस्कृत स्कूलों के शिक्षकों का मानदेय दस हजार रुपये तक बढ़ा दिया गया है। सरकार ने परिवहन निगम के एक हजार एक सौ पैंसठ मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का भी निर्णय लिया है।

**********

माध्यमिक शिक्षा परिषद, यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम आज दोपहर साढ़े बारह बजे घोषित किया जाएगा। परिणाम माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीएमएसपी डॉट ईडीयू डॉट इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रेजल्ट्स डॉट डिजिलॉकर डॉट जीओवी डॉट इन पर देखा जा सकेगा। यह जानकारी माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने दी।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नई और आधुनिक ओपन सरफेस पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इस पार्किंग का निर्माण इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन मोड के तहत होगा। चार सौ पचहत्तर वाहनों की क्षमता वाली यह पार्किंग मांझा जमथरा के समीप सरकारी भूमि के पैंतिस एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा।

**********

अम्बेडकरनगर जिले में हुए राष्ट्रीय हैंडबॉल चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने कल एक गोल से उत्तर प्रदेश की टीम को हरा दिया। एक रोमांचक मुकाबले में हरियाणा की टीम ने कुल पच्चीस गोल दागे। जवाब में प्रदेश की टीम चौबीस गोल तक ही पहुंच सकी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही सत्ताईस अप्रैल से उन्तीस अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी इलाको में गरज चमक के साथ बारिश का भी अनुमान जताया गया है। इस बीच, गर्मी और लू को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में कक्षा आठवीं तक के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। अधिकांश जिलों में स्कूलों के संचालन का समय अधिकतम साढ़े बारह बजे तक ही रखने का निर्देश है।

**********